## न्यूज कार्नर

### राष्ट्रीय खेल दिवस : निकाली साइकिल रैली



**जागरण, नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय खेल दिवस 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया। रविवार को साइकिल रैली का शुभारंभ शासकीय कन्या उमा विद्यालय के सामने हुआ। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट गेट तक रैली को मुख्य अतिथि मनोज शर्मा, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, वंदना रघुवंशी एवं विशाल सिंह सेंगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों सेठ गुरुप्रसाद स्कूल, शांतिनिकेतन, एसएनजी स्कूल सहित अन्य स्कूलों के विद्यार्थी एवं शिक्षक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को स्मृति उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रमेश उपरारियां, शुभम सिंह ठाकुर, हरि, स्पोर्ट्स ऑफिसर धर्मेंद्र गुर्जर, ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग महेंद्र पचलानिया, एसएनजी स्कूल के प्राचार्य संदीप शुक्ला, जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार, ऑस्कर ऐरिन मोजिस सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रविवार को हुई तेज बारिश से भराया पानी



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर में रविवार को कुछ देर के लिए हुई झमाझम बारिश से शहर तरबतर हो गया। बाजार क्षेत्र में नाले-नालियां फुल होकर सड़कों पर बहने लगी, जिससे नागरिकों एवं दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नाले, नालियों पर हुए अतिक्रमण के कारण पानी निकास का फ्लो न बन पाने के कारण शहर में कई जगह पानी भराव की स्थिति बन गई। शहर के हलवाई चौक पर पर भी जल भराव के कारण दुकानों में पानी घुस गया। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि 30 अगस्त से 31 अगस्त तक नर्मदापुरम में 1.2, सिवनीमालवा में 2.0, इटारसी में 0.6, सोहागपुर में 1.0, माखननगर, पिपरिया, डोलरिया में 0.0, बनखेड़ी में 3.6, पचमढ़ी में 4.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

### श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर कराएं पंजीयन

**जागरण, नर्मदापुरम।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गिग वर्कर्स, प्लेटफार्म श्रमिक और अन्य असंगठित श्रमिकों के लिए पंजीयन अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 25 अगस्त से प्रारंभ हुआ है और 5 सितंबर तक चलेगा, जिसमें श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। श्रमिक पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए श्रमिक अपने मोबाइल के माध्यम से या निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं।

### खंपारिया बने ऑब्जर्वर



**जागरण, नर्मदापुरम।** सीबीएसई द्वारा 12वीं एथलेटिक्स क्लस्टर मीट ग्वालियर के लिए समेरिटंस स्कूल के खेल विभाग के प्रभारी सचिन खम्परिया को ऑब्जर्बर बनाया गया है। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कई स्कूलों ने सहभागिता की। उनकी नियुक्ति पर विद्यालय संचालन समिति सहित प्राचार्य प्रेरणा रावत और अन्य सहकर्मियों ने बधाई दी।

### महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**जागरण, माखन नगर।** हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. नीता चौबे द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती, मेजर ध्यानचंद, राष्ट्रकवि पं माखन लाल चतुर्वेदी की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

#### शिव की नगरी पचमढ़ी में जगह-जगह विराजीं श्री गणेश प्रतिमाएं, हो रहे विभिन्न आयोजन

# नर्मदांचल में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेशोत्सव, सजी सुंदर झांकियां

**इन दिनों नर्मदा नगरी में गणेश उत्सव की धूमधाम है। गणेशोत्सव सिर्फ पूजा-पाठ और विधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि ये भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रिय भोग अर्पित करने का भी खास मौका होता है। हर दिन बप्पा को अलग-अलग भोग या प्रसाद चढ़ाने की परंपरा है। नर्मदांचल में श्रद्धालुओं द्वारा गणेश जी की आराधना की जा रही है।**



**जागरण, नर्मदापुरम।** भगवान श्री गणेश की स्थापना दिवस के बाद से ही नर्मदांचल में धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्री गणेश उत्सव मंडलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में भगवान श्री गणेश की स्थापना की गयी है। पांडालों में प्रतिदिन कीर्तन, सुंदरकाण्ड सहित अन्य विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि गणेश उत्सव के आते ही एक नई ऊर्जा का संचार होता है। माहौल में सकारात्मकता आती है। भगवान प्रथम पूज्य है भगवान श्री गणेश से मनोकामना पूर्ण करने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को उनके पसंद के लड्डुओं का भोग लगाया जा रहा है।

इसी तरह नगर के मालाखेड़ी क्षेत्र स्थित सूर्या एन्क्लेव कोलोनी मालाखेड़ी रोड पर में 2017 से गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। पंडाल में विराजित बप्पा की आकषर्क प्रतिमा तब और भव्य और मनभावक हो जाती है जब इसका श्रृंगार होता है। समिति के योगेश चौहान ने बताया कि सूर्या एन्क्लेव के बप्पा की सब से खास बात यह है कि नगर के प्रतिष्ठित उपाध्याय परिवार के सदस्य आशीष उपाध्याय, रितुराज उपाध्याय और अंकित उपाध्याय द्वारा विराजित श्री गणेश प्रतिमा का 10 दिन तक रोज अलग अलग स्वरूप में आकर्षक भव्य श्रृंगार किया जाता है। इस अदभुत श्रृंगार के स्वरूप को देखने दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ती है और सूर्या इंक्लेव में विराजित बप्पा की भक्तिमय संगीतमय आरती में बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। इसी तरह श्रद्धालुओं द्वारा नगर के अनेक क्षेत्रों में विघ्नविनाशक भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना कर आराधना की जा रही है।



शिव नगरी पचमढ़ी में भक्तिमय माहौल से सारा शहर आस्था के साथ श्री गणेश पूजन के साथ साथ प्रतिमाओं को सुन्दर से सुंदर झांकी की सजावट में लगा हुआ है। वार्ड नंबर 04 में युवाओं द्वारा दिन रात एक कर शानदार सजावट कर श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। युवा समिति द्वारा अनेक वर्षों से वार्ड नंबर 04 में प्रतिमा की प्रति वर्ष स्थापना की जाती हे,जिसके चलते इस वर्ष भी आकर्षण रूप से पंडाल को सजाया है। पंडाल के आस पास भी सुंदर लाइटिंग की साज-सज्जा की गई है। सुबह शाम आरती के साथ साथ जस भजन का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

## नए लुक में दिखेगा जयस्तंभ चौक, नपा करा रही जीर्णोद्धार



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर में इन दिनों नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में नगर में विभिन्न कार्य ऐसे प्रगतिरत है जिनसे नागरिकों सहित शहर में आने वाले अन्य लोगों को भी सुविधाएं मिलेंगी। इसी तरह नगर के जयस्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका द्वारा कार्य कराया जा रहा है। नगर के बीचों बीच स्थित जयस्तंभ चौका का नगरपालिका द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जयस्तंभ के नवनिर्माण की मांग वर्षों से स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही थी। इस कार्य की व्यापारीगणों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है।

नगरपालिका के उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर जयस्तंभ का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। श्री पाराशर ने बताया कि एक लाख रुपए की राशि जयस्तंभ का जीर्णोद्धार होगा जिसमें मार्बल भी लगाए जाएंगे। जीर्णोद्धार के बाद सड़क चौड़ी भी हो जाएगी। जिससे यातायात सुगम होगा। धार्मिक आयोजन के दौरान इस मार्ग पर यातायात का दबाव अत्याधिक हो जाता था, जिससे यातायात अव्यस्थित हो जाती थी। श्री किराना व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने जयस्तंभ के जीर्णोद्धार कार्य पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। जयस्तंभ की रोटरी छोटी हो जाने से सड़क चौड़ी हो जाएगी जिससे यहां का यातायात व्यवस्था सुगम होगा। हमने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव से मांग की है कि वे यहां एक पार्किंग बनाएं जिससे व्यापारीगणों के वाहन खड़े हो सकें। नागरिकों ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने एवं सौंदर्यीकरण के कार्य सराहनीय हैं।

## रेल सुविधाओं की मांग को लेकर विधायक के नेतृत्व में सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल



**जागरण, सोहागपुर।** रेलवे स्टेशन पर विभिन्न रेल सुविधाओं की मांग को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी से शनिवार को नगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संसद श्री चौधरी को बताया कि सोहागपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 बजे से शाम 5 के बीच जबलपुर की दिशा में कोई ट्रेन नहीं है जिससे रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इस दिशा में अप डाउन करने वाले विद्यार्थियों, कर्मचारी एवं अन्य लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

सदस्यों ने बताया कि दिन के समय में ट्रेन के अभाव में बनखेड़ी, सोहागपुर क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी होती है। ऐसे में दिन के समय में अप डाउन के लिए किसी ट्रेन का ठहराव निश्चित कराया जाए या ट्रेनों के समय में परिवर्तन कराया जाए। प्लेटफार्म क्रमांक 2 की ऊंचाई बढ़ाने, कोच की जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने, प्लेटफार्म 2 पर टीन शेड निर्माण, बीमार एवं विकलांग लोगों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म पर व्हीलचेयर की व्यवस्था कराए जाने की मानवी प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से की है। मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने सांसद, विधायक को सेमरी हरचंद, पथरई, झालौन ग्रामों के आसपास के लोगों की समस्या से भी अवगत कराते हुए पर अंडर ब्रिज अथवा ओवरब्रिज निर्माण कराए जाने की मांग की है। साथ ही गाड़ी संख्या 12061 जनशताब्दी एक्सप्रेस 22187 इंटरसिटी 22177 महानगरी, 12295/ संघमित्रा ट्रेनों के सोहागपुर स्टेशन पर स्टॉपेज स्वीकृत करने की मांग रखी गई। सांसद के द्वारा डीआरएम जबलपुर से दूरभाष पर मांगो के निराकरण पर चर्चा भी की गई। विधायक के नेतृत्व में सांसद से मिलने वाले लोगों में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कन्नू लाल अग्रवाल, पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष मालवीय, बालपुरी गोस्वामी, शिव कुमार पटेल, सतीश नामदेव, विशाल राठौड़ सहित अन्य लोग सम्मिलित रहे।

## पुलिस ने शातिर चोर से जब्त की 6 मोटर साइकिल



**जागरण, पिपरिया।** मंगलवारा पुलिस टीम को मुखबिर से ख़बर मिली कि एक लड़का प्लेटिना मोटरसाइकिल लेकर बेचने की फिराक से शोभापुर रोड टोल टेक्स के पास घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी द्वारा टीम गठित कर टोल टेक्स पहंचाई, जहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये का लड़का एक प्लेटिना मोटरसाइकिल लेकर खड़ा दिखा जो पुलिस को आता देख भागने लगा पीछा कर पकड़ कर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम सुरेन्द्र कुशवाहा पिता दौलत सिंह कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी जनकपुर थाना बरेली जिला रायसेन का होना बताया। जिससे प्लेटिना मोटर सायकल के कागजात मांगे जो पहले तो सुरेन्द्र द्वारा पुलिस को गुमराह किया गया। शंका होने पर सुरेन्द्र को मय मोटर सायकल के थाना लाकर बारिकी से पूछताछ की गई, जिसने प्लेटिना मोटर सायकल पिपरिया इतवारा बाजार से चोरी करना बताया और इसके अवाला बरेली, सोहागपुर, गाडरवारा, बाड़ी से भी पांच मोटरसाइकिल चोरी करना और चोरी की हुई मोटर सायकलों को अपने विशेष स्थान पर छुपाकर रखना बताया। आरोपी सुरेन्द्र से एक प्लेटिना मोटर साइकिल काले रंग थाने पर जप्त कर आरोपी को साथ लेकर आरोपी के अन्य मोटर सायकल छुपाने वाले स्थान पहुँचे। जहां से आरोपी द्वारा चोरी कर छुपाकर रखी डीलक्स, डिस्कवर, प्लेटिना एवं सुजुकी स्लिंग शाट, 05 मोटर सायकल जप्त की गई। 35(ड), 106(1) बीएनएसएस के तहत आरोपी सुरेन्द्र कुशवाहा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, सउनि ओमप्रकाश ठाकुर, सउनि सुशील सिंह कुशवाहा, प्र.आर. अरुण जुदेव, महेन्द्र गौर, आर. शिवम् पटेल, मोहसीन खान, प्रतीक साहू, हेमंत पटेल, नीलेश रघुवंशी की मुख्य भूमिका रही है।

### उपचार के लिए आठ लाख से अधिक की राशि स्वीकृत

**जागरण, नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री की स्वेच्छानुदान मद से उपचार के लिए जिले के 22 हितग्राहियों को कुल 08 लाख 95 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनखेड़ी निवासी प्रवीण कुमार, नर्मदापुरम निवासी विजय कामले को 15-15 हजार रुपए, अब्दुल हमीद खान, सिवनी मालवा निवासी अंजलि को 20-20 हजार रुपए, चांदौन निवासी शिवेंद्र कुमार को 25 हजार रुपए, पिपरिया के विजय सिंह साहू, सिवनी मालवा के कृष्णा बाई, मंजू यदुवंशी, नर्मदापुरम के बेबी ऑफ फायजा खान, प्रेम बाई को, बनखेड़ी निवासी धन सिंह किरार एवं नर्मदापुरम निवासी श्रीमती दीप्ति तिलोतिया को 30-30 हजार रूपए, पिपरिया निवासी मनोज कुमार, नर्मदापुरम निवासी ऋषभ तिवारी, नर्मदापुरम निवासी मनोज चौरसिया, माखननगर निवासी इशरत खान, मालनवाड़ा निवासी उमाशंकर अहिरवार एवं नर्मदापुरम निवासी सविता लोहारिया को 50-50 हजार रूपए, इटारसी निवासी कंछेदी लाल चौरे को 65 हजार रूपए, सिवनी मालवा निवासी दिनेश कुमार यादव, माखननगर निवासी समर चौरे एवं पिपरिया निवासी नमामि सिलावट को 75-75 हजार रूपए रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## सुबह सैर करने निकली बुजुर्ग महिला से बेटे के इलाज के नाम पर ठगी, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर में विवेकानंद घाट के पास कोठी बाजार में सुबह सेर पर निकली एक बुजुर्ग महिला धोखाधड़ी की शिकार हो गयी। जानकारी अनुसार दो युवकों ने बुजुर्ग महिला से उनके बेटे के इलाज के लिए झाड़फुंक करने के नाम पर सोने के जेवर उतरवा लिए और भाग गए। जिसके बाद महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी। वारदात से नागरिकों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह दिन दहाड़े इस तरह की घटनाएं होना चिंता का विषय हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। धोखाधड़ी करने वाले युवकों की तलाश शुरू की।




पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। टीम आरोपियों की जांच में जुटी है। कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया बेटे के इलाज के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। युवकों ने बुजुर्ग से सोने के जेवर उतरवाएं। आरोपियों की तलाश के लिए अलग अलग टीमें बनाई है। शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों को खोजा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक फरियादी त्रिवेणी पति राजाराम यादव (63) निवासी भारत पेपर वाली में रहती है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वो सुबह करीब 6.30बजे घूमने और फूल लेने के लिए निकली थी। विवेकानंद घाट के पास एक युवक मिला। जिसने मुझसे स्वास्थ्य शिविर का पूछा। फिर बातों में बहलाते हुए मुझसे कहा कि आपके बेटे के सिर में दर्द रहता है। आप चाहे तो उसका समाधान करवा सकते है। युवक ने महिला से कहा कि इलाज के लिए आपको मैं चांदनी के पेड़ की दो पत्तियां मंत्र पढ़कर दूंगा। उससे वो ठीक हो जाएगा। बुजुर्ग महिला उसके बहकावे में आ गई। फिर उसने थोड़ी दूर एक गली में ले जाकर चांदनी के पेड़ से पत्तियां तोड़कर ले गया। जहां उसका एक ओर साथी आ गया। फिर ठग ने कहा कि तुमने सोने के जेवर पहने है, मंत्र ऐसे में काम नहीं करेंगे। महिला ने सोने आभूषण उतारकर ठग के दूसरे साथी को दें दिए। फिर आरोपी ने कहा कि मैं मंत्र पढूंगा, तब तक आप आंखें बंद रखिए, कुछ देर बाद महिला ने जैसे ही आंखे खोली तो देखा दोनों युवक बाइक से भाग रहे थे। महिला ने चिल्लाया, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले।

## श्रीराधा प्राकट्य दिवस पर निकाली प्रभात फेरी-कीर्तन

### श्रीराम कृष्ण दीवान मंदिर में मनाई श्रीराधा अष्टमी



**जागरण, सोहागपुर।** श्री राधा प्राकट्य दिवस के अवसर पर श्रीराधा भक्त मंडल के द्वारा रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें इंद्र कुमार दीवान एवं पं कैलाश नारायण परसाई के मार्गदर्शन में थान सिंह, ललता साहू, कमल रतन दीवान, मनोनीत दीवान, पंकज दुबे, नीरज एवं शिवम चौरसिया, सुमित, प्रांजुल दीवान, शरद योगी, डालचंद साहू, मणिशंकर दुबे, नरेंद्र परसाई सम्मिलित हुए। परंपरा अनुसार शनिवार को देर शाम से ही श्रीराधा नाम जप एवं कीर्तन शुरू हो गया था, जो रात भर चलता रहा। सोहागपुर में श्रीराधा जन्माष्टमी मनाए जाने की परंपरा का इतिहास दशकों पुराना है। पं कैलाश नारायण परसाई के मुताबिक यहां लगभग 45 वर्षों से अधिक समय से श्री रामकृष्ण दीवान मंदिर में श्रीराधा रानी का प्राकट्य उत्सव पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। यह और बात है कि पहले श्रीराधा जन्माष्टमी बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाई जाती थी जिसमें पुरुष वर्ग के साथ-साथ मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में भजन कीर्तन का आनंद लेने के लिए एकत्रित होती थी लेकिन अब इस परंपरा का निर्वहन श्री राम कृष्ण दीवान मंदिर के महंत पंडित इंद्र कुमार दीवान की अगुवाई में कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा ही किया जा रहा है। पंडित परसाई के मुताबिक पहले दीवान परिवार के सहयोग से प्रभात फेरी एक ठेले पर निकाली जाती थी। इसमें माइक सेट एवं बैटरी रख कर राधा नाम जप कीर्तन का प्रचार प्रसार किया जाता था। पूर्व में प्रतिवर्ष लगभग एक मन खीर बनाकर उसका वितरण भी होता था। पंडित परसाई बताते हैं कि वर्ष 1980 के आसपास एक रासलीला आई थी जिसके द्वारा सोहागपुर में 6 महीने रहकर श्री राधा कृष्ण भक्ति की अलख जगाई गई थी जिससे प्रभावित होकर श्री राधा कृष्ण भक्त मंडल के द्वारा श्रीराधा जन्माष्टमी मनाने की परंपरा शुरू की गई थी। तत्कालीन समय में रात भर भजन, कीर्तन एवं प्रभात फेरी निकाले जाने की परंपरा को शुरू करने में नर्मदा प्रसाद वर्मा, अशोक कनेसरा, अतुल दुबे, हरि शंकर दीवान, थान सिंह, हेम कुमार दीवान, अशोक साहू सहित अन्य श्रद्धालुओं ने राधा रानी का आशीर्वाद लिया।

## पर्यूषण पर्व के चतुर्थ दिवस जैन धर्मावलंबियों ने मनाया तीर्थंकर पुष्पदंतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**जागरण, नर्मदापुरम।** जैन समाज के श्रावक श्रेष्टि परिवार द्वारा भक्ति भाव के साथ पर्वराज पर्युषण महापर्व मनाया जा रहा है पर्व के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म की पूजन की गई। सांगानेर तीर्थ संस्थान के विद्वान आयुष भैयाजी द्वारा दसलक्षण महामंडल विधान एवं जैनागम के सबसे बड़े ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र के अध्याय का मार्मिक विश्लेषण किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि सैकड़ो की संख्या में श्रावक श्रेष्टि परिवार महापर्व के अवसर पर असीम भक्ति भाव से श्रीजी की आराधना कर असीम पुण्यों का संचय कर रहे है। चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म पर व्याख्या दी गई उत्तम शौच का अर्थ है पवित्रता। आचरण में नम्रता, विचारों में निर्मलता लाना ही शौच धर्म है। बाहर की पवित्रता का ध्यान तो हर कोई रखता है लेकिन यहां आंतरिक पवित्रता की बात है।



आंतरिक पवित्रता तभी घटित होती है जब मनुष्य लोभ से मुक्त होता है। राग रहित वीतराग भाव उत्तम सोच है, जगत के सब प्राणियों के प्रति अहिंसक भाव एवं जिसमें भेद ज्ञान कर मिथ्या मान्यता रूपी अंतर के मैल को धो डाला हो ऐसा पवित्र हृदय उत्तम शौच धर्म का पालक है। व्यवहार से, लोभ के अभाव संतोष के भाव को भी शौच धर्म कह दिया जाता है।लोक में, शरीर की शुचिता को, शुद्धता को ही मात्र शुद्धता मानते हैं। परंतु, जैनधर्म में शरीर की शुद्धता से अधिक परिणामों की शुद्धता पर बल दिया है और वह शुद्धता लोभ के भाव का त्याग करने पर प्रगट होती है। रविवार को मंदिरजी में तीर्थंकर पुष्पदंत नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव संगीतमय पूजन, निर्वाण लाडू चढाकर मनाया गया। इसके पश्चात संध्याकालीन मंगल आरती प्रवचन के उपरांत सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ मुन्नालाल जैन, डॉ आरके जैन, प्रवीण जैन, एनसी जैन, ज्ञानचंद जैन, प्रभाकर जैन, डॉ प्रदीप जैन, अरुण जैन, विकास जैन, आरएल जैन, आलोक जैन, सचिव अभिषेक जैन, निर्दोष जैन, नीरज जैन, महावीर जैन, नीरज गोयल, पप्पु जैन, आशीष अस्सी जैन, अमित मोदी, दीपांशु जैन, अंकुर जैन, संदेश जैन, राजा जैन, अपूर्व जैन, संजय जैन, पुनीत, वीरेश जैन आदि मौजूद रहे।

# 40 दिनों तक चले झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव का बहिराणा साहब का पूजन अर्चन, भंडारा, शोभायात्रा के साथ हुआ समापन



**जागरण, इटारसी।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं झूलण सेवा समिति के तत्वावधान में 22 जुलाई से लेकर 31 अगस्त 40 दिनों तक चले भगवान श्रीझूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव का रविवार को सुबह से लेकर शाम तक सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान श्रीझूलेलाल मंदिर संत कंवर राम धर्मशाला परिसर में गुजरात से आए सिंधी समाज के संत ठकुर साई मनीष लाल भरूच वालों के सानिध्य में अनेक धार्मिक कायक्रमों को आयोजित कर शोभा यात्रा के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर सुबह 8 बजे से भगवान श्रीझूलेलाल मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती की गई। वहीं 40 दिनों तक व्रत उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा बहिराणा साहब का निर्माण भक्ति भाव से करने के पश्चात दोपहर 12 बजे से संत कंवरराम धर्मशाला में बहिराणा साहब का विशेष पूजा अर्चना की गई और आरती की गई। इस दौरान संत ठकुर मनीष लाल के द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए गए।

इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी के द्वारा संत मनीष लाल का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। वही जय भगवान श्रीझूलेलाल के जय घोष के साथ भक्ति में भजन गाए गए। दोपहर 1:30 बजे से धर्मशाला परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों के साथ ही सिंधी समाज के सैकड़ों परिवारों के सदस्यो द्वारा महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका कार्यालय के सामने वाले मुख्य मार्ग पर सिंधी समाज के द्वारा गरीबों को भी भोजन कराया गया।

झूलेलाल मंदिर में भी दोपहर 3 बजे से सिंधी समाज के श्रद्धालु महिला पुरुष और बच्चों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही शाम करीब 4:30 बजे से झूलेलाल मंदिर परिसर से विशाल शाम को यात्रा निकाली गई जो कि सिंधी कॉलोनी क्षेत्र की प्रत्येक गली से होते हुए शेरावाली दरबार गली नंबर 1 पहुंची, जहां से भक्ति भाव से सम्मान पूर्वक बहिराणा साहब को विसर्जित करने के लिए मां नर्मदा नदी नर्मदापुरम ले जाया गया, जहां पर सिंधी समाज के सामाजिक बंधुओं के द्वारा बहिराणा साहब को भक्ति भाव से विसर्जित किया गया। इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारी एवं झूलण सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में सिंधी समाज के परिवारजन उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### पांच दिनी गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**जागरण, इटारसी।** नगर में भी अब 10 दिनों के स्थान पर ढाई दिन से ही समितियां गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर रही है। इसी क्रम में सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में सिंधी कॉलोनी के राजा समिति के द्वारा इस बार गणेश महोत्सव के दौरान 5 दिनों के लिए गणेश प्रतिमा स्थापना की गई और रविवार को पांचवें दिवस में पंडाल के सामने विधि विधान से हवन और आरती की गई इसके पश्चात देर शाम भक्तों ने चल समारोह निकाल कर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया।

### डॉ. वर्मा बने महासभा के जिला अध्यक्ष



**जागरण, इटारसी।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की संगठनात्मक बैठक एमएलए क्वार्टर भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री गंगाचरण राजपूत पूर्व सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेश नरवरिया तथा प्रदेश संरक्षक साहेब सिंह की अनुशंसा पर डॉ प्रताप सिंह वर्मा को नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति जिले में संगठन का प्रसार करते हुए संगठन का विस्तार करने के लिए की गई हैं। इस दौरान लोधी समाज नर्मदापुरम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य परसराम पटेल, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल वर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा, आदित्य वर्मा, विनोद वर्मा, द्वारका प्रसाद वर्मा, लक्ष्मण वर्मा उपस्थित रहें।

### डीपी दुबे स्कूल में सुनी मन की बात

**जागरण, इटारसी।** शांति नगर न्यू यार्ड में बूथ क्रमांक 226 में भाजपा मंडल पुरानी इटारसी उपाध्यक्ष श्रीमती रीना डोंगरे डोईफोडे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के कार्यक्रम को दुबे मेमोरियल स्कूल की संचालिका श्रीमती अंकिता चौबे एवं बच्चों के साथ सुना गया।

### मंच का सम्मेलन आज

जागरण, इटारसी। वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा 1 सितंबर को पं. भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर एक राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस स मेलन का उद्देश्य लोकहित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के सकारात्मक परिणामों पर चर्चा करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहेंगे। नर्मदापुरम-नरसिंहपुर के सांसद दर्शन सिंह चौधरी मुख्य वक्ता होंगे, जो इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगे।

## लोकतंत्र विरोधी भाजपा ने दिखाया असली रंग : पांडेय

**जागरण, इटारसी।** लगातार सच बोलने, भ्रष्टाचार उजागर करने और जनता के मुद्दों पर सरकार को आईना दिखाने से बौखलाई भाजपा ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर जानलेवा हमला करवाकर यह साबित कर दिया है कि वह लोकतंत्र में नहीं बल्कि दमन और अत्याचार की राजनीति में विश्वास रखती है। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कही।

जिलाध्यक्ष पांडेय ने कहा कि यह हमला न केवल कांग्रेस पार्टी पर बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की आवाज़ को दबाने की साजिश है। चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा का मंडल अध्यक्ष खुद मौके पर मौजूद था, जिससे साफ़ हो गया कि यह हमला सुनियोजित और सत्ता के संरक्षण में कराया गया।

उन्होंने कहा कि मोहन सरकार कांग्रेस को मिल रहे अपार जनसमर्थन से घबराई हुई है। जनता रोज़-ब-रोज़ सरकार की नाकामियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का साथ दे रही है। यही कारण है कि भाजपा अब लोकतांत्रिक बहस और जनसंवाद से भागकर हिंसक हथकंडों पर उतर आई है। इसके साथ ही यह भी अत्यंत गंभीर विषय है कि भाजपा और मोहन सरकार लगातार जीतू पटवारी की सुरक्षा से समझौता कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी इस कायराना हमले की कड़े शब्दों में निंदा करती है और चेतावनी देती है कि यदि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा से खिलवाड़ जारी रहा तो पूरा प्रदेश सड़कों पर उतरकर भाजपा सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन करेगा।

## फुटबाल क्लब की बैठक संपन्न, मुद्दों पर की चर्चा

**जागरण, इटारसी।** रविवार को एक्सप्रेस 11 रिसोर्ट में नेशनल फुटबॉल क्लब की कार्यकारिणी बैठक क्लब के अध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। क्लब में खिलाड़ियों के नए रजिस्ट्रेशन करने एवं क्लब द्वारा नए कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दे नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना साथ में क्लब द्वारा आने वाले समय में लीग प्रतियोगिता को संपन्न करना आदि विषयों पर फैसले लिए गए। क्लब के अध्यक्ष विष्णु शंकर पांडे द्वारा फुटबॉल खेल को आगे बढ़ाना सर्वप्रथम प्राथमिकता से रखा गया। कार्यकारिणी बैठक में नेशनल फुटबॉल क्लब के सचिव दीपक परदेसी, संरक्षक केके शुक्ला, सतीश पल्लेवर, तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य डालचंद राज, सुदीप्त चक्रवर्ती, भूषण कनौजिया, अरविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## न्यू यार्ड में 215 जर्जर रेल आवास तोड़ने की प्रक्रिया शुरू, अवैध कब्जे से मिलेगा छुटकारा



**जागरण, इटारसी।** रेलवे प्रशासन ने नया यार्ड स्थित जर्जर हो चुके 215 रेल आवासों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कई वर्षों से खाली पड़े ये मकान अवैध रूप से बाहरी लोगों के कब्जे में थे, जहां मुफ्त बिजली-पानी का दुरुपयोग भी हो रहा था। आरपीएफ द्वारा कई बार इन्हें खाली कराया गया, लेकिन अवैध परिवार फिर लौट आते थे। रेलवे ने इन अवासों को ध्वस्त करने का निर्णय लिया।

रेलवे द्वारा निविदा के माध्यम से महाराष्ट्र की एजेंसी को यह कार्य सौंपा गया है। 650 आवासों को खंडहर घोषित किया गया था, जिनमें प्रथम चरण में 215 मकानों को हटाया जा रहा है। कार्रवाई की शुरुआत न्यू यार्ड की ऑफिसर कॉलोनी से की गई है। बताया गया कि शेष जर्जर आवासों को भी क्रमवार ध्वस्त किया जाएगा। कई दशक पहले बने ये मकान अब रहने लायक नहीं थे और सुरक्षा की दृष्टि से भी खतरा बने हुए थे। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से अवैध कब्जे और अतिक्रमण की समस्या पर रोक लगेगी तथा परिसर को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। रेलवे का यह अभियान आने वाले दिनों में और भी आवासों को हटाए जाने के साथ जारी रहेगा।

## आरपीएफ ने ट्रेन में छूटे बैग को तलाशकर सौंपा

**जागरण, इटारसी।** भोपाल मंडल से आरपीएफ थाना इटारसी को सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12722 में यात्री का बेग छूट गया है। यहां रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आने पर आरपीएफ के आरक्षक हरप्रताप सिंह परमार ने यात्री के बताएं अनुसार कोच जनरल पर जाकर देखा तो बिट्ठू बैग मिला। आरपीएफ आरक्षक ने इसकी सूचना भोपाल मंडल सहित अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी। साथ ही जिस यात्री का बेग था उसे भी सूचना दी गई। बैग विश्वनाथ कुमार पिता जितेंद्र कुमार झा उम्र 28 वर्ष, निवासी बिहार का था। दूसरे दिन आरपीएफ आरक्षक ने यात्री को बैग वापस दिया। बिट्ठू बैग में मोबाइल चार्जर और ईयर फोन, कपड़े, एक जोड़ी शूज, कुलदेवी की मूर्ति आदि सामान था। यात्री को बैग में सामने चेक कराकर वापस कर दिया है।

## केसला में भाजपाइयों ने लिया मन की बात का आनंद




**जागरण, इटारसी।** केसला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हुए। रविवार को केसला मण्डल के बूथ क्रमांक 299 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125वे एपिसोड में क्षेत्र की जनता एवं नेताओं के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, माया नारोलिया, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, संभाग प्रभारी पंकज जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित, अशोक साहू, सीमा कासदे सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनकर लोकल फार बोकल के नारा को अमल करने पर जोर दिया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि हम हमेशा किसी न किसी बूथ पर जाकर मन की बात जरूर सुनते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा नई नई जानकारियां दी जाती है जो हमारे मानव जीवन के लिए जरुरी है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल हमारे मंडल मन की सुनने आए इसलिए प्रदेशाध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, अर्चना मेहतो, सुशील बरखडे, प्रमेश मालवीय, अजय साहू, शिवप्रसाद यादव, धीरज यादव, सुभाष पटेल, शिवनाथ यादव, गिरधारी यादव, कन्नू सराठे, अमरनाथ कलमे, सरवन काजले नारायण कलमे आदि कार्यकर्ताओं ने मन की बात का आनन्द लिया।

## जन शिक्षा केंद्र जमानी के तीन स्कूलों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण, इटारसी।** एक स्वच्छ, पारदर्शी प्रतियोगिता का वातावरण बने इस विचार के साथ जन शिक्षा केंद्र जमानी जनशिक्षक राजकुमार बघेल द्वारा एक प्रयास प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत वर्ष भर मे होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में जन शिक्षा केंद्र के विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना और अपने परिवार के साथ ही शाला परिवार का नाम ब्लॉक, जिले, राज्य तक रोशन करते है।

इसी विचार को मूर्त रूप देने का अवसर अगस्त माह को कक्षा 6 से 8 के शुरू हो रहे शैक्षिक संवाद में मिला। संवाद दौरान जन शिक्षा केंद्र जमानी के शिक्षकों और शाला प्रभारियों के प्रोत्साहन के लिए उत्कर्ष प्रदर्शन सम्मान शाला परिवार के लिए शील्ड एवं बच्चों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया।

पिछले सत्र राज्य स्तरीय विज्ञान गणित पर्यावरण सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई थी जिसमें जन शिक्षा केंद्र जमानी के पांच विद्यालयों ने भाग लिया।

इस दौरान एकीकृत माध्यमिक शाला नजरपुर के बच्चे ब्लॉक स्तर पर पहुंचे और तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकीकृत माध्यमिक शाला धुरपन के बच्चे जिला स्तर पर पहुंचे उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा एकीकृत हाई स्कूल गोची तरोंदा के बच्चों ने ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## राधा अष्टमी पर किया सुंदरकांड का पाठ, महिला मंडल सदस्यों ने आपस में तिलक लगाकर बांटी सुहाग सामग्री



**जागरण, इटारसी।** श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज की महिला मंडल की पदाधिकारियों ने मिलकर आज राधा अष्टमी पर राधा रानी की पूजन अर्चना कर सुंदरकांड किया। इस दौरान एक दूसरे को तिलक लगाकर सुहाग सामग्री दी। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि उपाध्यक्ष ललिता मालवीय द्वारा समस्त महिला मंडलों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की एवं महिला मंडल के आगामी कार्यक्रम को लेकर मीटिंग भी संपन्न हुई।

इस अवसर पर कार्यकारिणी अध्यक्ष शीला मालवीय, संरक्षक ममता मालवीय, भारती मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना मालवीय, निर्मला मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, राजा बाई, कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, सचिव किरण मालवीय, संगठन मंत्री अनुसूया मालवीय, नीलम मालवीय, अनीता मालवीय, संगीता मालवीय, पूजा मालवीय आदि उपस्थित रहीं। अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

## चिंतामणि गणेश मंडल की पहल: समाजसेवियों का किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** शहर में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह चरम पर है। इस साल, चिंतामणि गणेश सार्वजनिक मंडल ने एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की है। चिंतामणि गणेश मंडल ने इस वर्ष गणेशोत्सव में सिर्फ धार्मिक आयोजन तक सीमित न रहकर उन लोगों को भी सम्मान किया जिन्होंने समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




मंडल के द्वारा रविवार को गणेशोत्सव के दौरान एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सर्वब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे एवं सेवाभावियों का सम्मान किया। मंडल ने उन सेवाभावी, जनहितैषी और सामाजिक कार्यों में अग्रणी लोगों का सम्मान किया, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की है। इस क्रम में गौ सेवक विक्रम यादव, दीपू पटोरिया, कुत्तों की देखरेख रखरखाव के लिए करण राजपूत, हेल्पिंग हैंड, नगर टोली, विनोद चौधरी रेलवे, रिंकू सीताराम, अभिषेक राजपूत कर भला सो हो भला जैसी शख्सियतों का सम्मान किया गया।

### सेवा और सम्मान का दिखा संगम

चिंतामणि गणेश मंडल का मानना है कि गणेशोत्सव सिर्फ पूजा-पाठ का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने का भी अवसर है। इसी सोच के साथ, यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया ताकि उन गुमनाम नायकों को पहचान मिल सके जो बिना किसी लालच के समाज को बेहतर बनाने में लगे हैं। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना और एक सकारात्मक माहौल बनाना है।

**तैयारी** | विपिन जोशी स्मारक समिति का 41वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह, अहमदाबाद के गंगोला को मिलेगा सरस्वती पुत्र सम्मान

## देशभर से चुने 40 शिक्षकों का होगा पद-प्रक्षालन और सम्मान

**जागरण, इटारसी।** विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा आयोजित होने वाला 41वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह इस वर्ष एक नए उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह प्रतिष्ठित समारोह 5 सितंबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, होशंगाबाद रोड, इटारसी में शाम 5 बजे से 10 बजे के बीच आयोजित होगा। इस वर्ष देशभर से चुने गए 40 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष के आयोजन का सबसे खास पहलू चयनित शिक्षकों का पदप्रक्षालन और सामूहिक महाआरती है, जो गुरुओं के प्रति सम्मान की एक अनूठी परंपरा को दर्शाता है। यह आध्यात्मिक और भावनात्मक पल शिक्षकों के सम्मान में एक अद्भुत रोमांच और गौरव का अनुभव देगा।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू एडवोकेट ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी की। इस सूची में देश के विभिन्न हिस्सों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों के नाम शामिल हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों से लेकर प्रोफेसर और प्राचार्य तक शामिल हैं। 41वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सरस्वती पुत्र सम्मान अनंत गंगोला अहमदाबाद को प्रदान किया जाएगा। साथ ही ज्ञानगंगा सम्मान, विवेक सागर सम्मान, कर्मा रत्न सम्मान, अर्जुन सम्मान, सांदीपनी सम्मान, विश्वामित्र सम्मान सहित अन्य श्रेणियों के तहत 40 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने में समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष सरवरिया, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शरद गुप्ता, कमल दरडा और सुश्री चंद्रप्रभा ठाकुर जैसे अनुभवी सदस्यों का योगदान लगातार मिलता रहा है। इसके अलावा, कोषाध्यक्ष नीलेश जैन, अशोक मालवीय, पूनम नामदेव, प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा, मंजू ठाकुर और अन्य युवा सदस्य भी सक्रिय रूप से सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति स्वर मालिका म्यूजिक क्लास, इटारसी के शिष्यों द्वारा दी जाएगी और कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जाएगा। समिति ने शहर के सभी नागरिकों से इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सरस्वती पुत्र सम्मान से शुरू हुई परंपरा

समिति अध्यक्ष रमेश के साहू ने बताया कि यह सम्मान समारोह पत्रकार प्रमोद पगारे द्वारा 1985 में शुरू किए गए सरस्वती पुत्र सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाता है। इस मंच ने कई ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया है, जिन्हें बाद में राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह समारोह अपनी एक अलग पहचान बना चुका है।

एमजीएम स्कूल में हुआ बास्केटबॉल मैच

## छात्रों ने दिखाया अनुशासन टीम भावना और खेल कौशल

**जागरण, इटारसी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में एमजीएम इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, इटारसी के प्रांगण में एक भव्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रेव. फा. शाइजू फिलिप एवं उप-प्राचार्य अनुराग दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ही अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताया। प्रतियोगिता विद्यालय की चारों सदनों रेड हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस और ब्लू हाउस के बीच खेली गई।

पहला मुकाबला रेड हाउस और ग्रीन हाउस के बीच हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीम वर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात येलो हाउस और ब्लू हाउस के बीच दूसरा मुकाबला हुआ, जो दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। विद्यार्थियों की ऊर्जा, उत्साह और प्रतिस्पर्धा ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। येलो हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रेड हाउस उपविजेता रहा।

अंत में प्राचार्य रेव. फा. शाइजू फिलिप एवं उप-प्राचार्य अनुराग दीवान ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज कार्नर

### मुलताई विस के सभी बूथों पर भाजपाइयों ने देखी मन की बात

**मुलताई।** मुलताई विधानसभा के सभी बूथों पर भाजपाइयों ने देखी मन की बात मुलताई। विधानसभा क्षेत्र के समस्त शक्ति केन्द्रो एवं बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी - अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी - सह प्रभारी सहित हजारों की संख्या में हितग्राही एवं नागरिकों द्वारा देखा गया द्य भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया मुलताई मासोद विधानसभा क्षेत्र के 300 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को समस्त शक्ति केन्द्रो क़े प्रभारी - सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी सह प्रभारी एवं हितग्राहियों सहित नागरिकों द्वारा सुबह 11 बजे कार्यक्रम देखा गया द्य विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मासोद मंडल क़े अंतर्गत ग्राम चकोरा में, विधानसभा संयोजक जगदीश पवार ने नगर में बूथ क्रमांक 114 पर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने आजाद वार्ड शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 127 पर मन की बात कार्यक्रम देखा द्य नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने बताया विधानसभा में 300 बुथ है एंव सभी बुथ पर 12 लोगों की समितियों बनी है, हर समिति भाजपा के सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर ही सम्पन्न कराती है। इसी थीम पर मन की बात कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। बूथ अध्यक्ष से लेकर विधायक सभी जन प्रतिनिधि सभी कार्यकर्ताओ के साथ बूथ स्तर पर हो मन को बात देखते हैं

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, स्थाई निवासी प्रमाण पत्र में मेरा नाम विजय कुमार लोखंडे पिता गिरधारी लोखंडे दर्ज है जो सही एवं वास्तविक नाम है जबकि मेरी 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम विजय कुमार पिता गिरधारी लोखंडे दर्ज है। मेरी 10वीं की अंकसूची में सरनेम लोखंडे दर्ज नहीं हो पाया है, मैं 10वीं की अंकसूची में सरनेम लोखंडे दर्ज कराना चाहता हूं आज से मैं विजय कुमार लोखंडे पिता गिरधारी लोखंडे नाम से जाना पहचाना एवं दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता : विजय कुमार लोखंडे
पिता गिरधारी लोखंडे
निवासी शिवाजी वार्ड कोठी बाजार बैतूल

# सीजन में माचना को अभी भी पानी की दरकार, जलकुंभी व प्लॉस्टिक की बाढ़

## जिले में अब तक औसत से कम बारिश दर्ज की गई

**बैतूल जागरण।**
भादो के इस मौसम इन दिनों ऐसी बारिश हो रही है जैसे सावन में होती है, लेकिन इसके बाद भी बारिश का कोटा पूरा नहीं हो रहा है। हालात यह है कि बेतूल शहर में रविवार शाम तक 20.50 ही बारिश दर्ज की गई। यह आने वाले गर्मी में जलसंकट का कारण बनेगी। खैर अभी गर्मी दूर है, लेकिन बैतूल के अलावा आमला क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं के कारण बैतूल की जीवदायनी माने जाने वाली माचना नदी में इस पूरे सीजन में एक बार भी बाढ़ नहीं आई है। जानकार कहते हैं कि ऐसा पिछले एक दशक में पहली बार देखने में आ रहा है। सामान्य तौर पर हर सीजन में एक दो मौके ऐसे आते हैं जब करबला पुल के ऊपर से माचना बह ही जाती है, लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। जिसका असर नदी में दिख रहा है।



### बाढ़ न आने से नपा का भ्रष्टाचार उजागर

नगरपालिका ने गर्मी के दिनों में 30 लाख रुपए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खर्च बताया है। अब सवाल यह है कि यदि इस अभियान में नदी-नालों की सफाई हुई तो शहर की सीमा के अंदर माचना की यह दुर्दशा क्यों है? नपा के अधिकारियों को लग रहा था कि बाढ़ आएगी और यह सब बह जाएगा तो उनका जो दिखाया हुआ खर्च है वह छिप जाएगा , लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बार माचना में बाढ़ ही नहीं आई और जो लाखों रुपए साफ सफाई के नाम पर फूंके गए उसकी पोल खुल गई है।

### पानी की कमी के बीच प्लास्टिक व जल कुंभी

यदि माचना नदी में बाढ़ आती तो जलकुंभी जिसे चायनीज झालर भी कहा जाता है। वह बाढ़ के साथ आगे बह जाती। वर्तमान में गंज मोक्षधाम से लेकर छोटी पुलिया तक यह बिछी है। इसी तरह प्लास्टिक भी नदी में जगह-जगह नजर आ रही है। यदि बाढ़ आ जाती तो यह भी बहकर आगे चली जाती और बैतूल शहर क्षेत्र में नदी साफ हो जाती, लेकिन बाढ़ न आने से कोई बदलाव नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि शहर से गुजरने वाली माचना में शहर की सीमा के अंदर पांच अलग-अलग स्थानों पर नाले मिलते हैं। हालात यह है कि बरला घाट पर जलकुंभीर और प्लास्टिक का अंबार लगा है। जो कि पानी बहाव को भी प्रभावित कर रहा है।

## साइकिल रैली निकालकर खेल उत्सव का समापन, एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी



**जागरण/ मुलताई।** । नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस से तीन दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन खेल विभाग द्वारा किया गया था। रविवार को बच्चों द्वारा साईकिल रैली निकालकर खेल उत्सव का समापन किया गया रैली को एसडीएम राजीव कहार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम राजीव कहार ने कहा इस वर्ष एक घंटा खेल के मैदान में इस थीम पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल उत्सव मनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के कक्ष में बच्चे का मस्तिष्क विकसित होता है लेकिन खेल के मैदान में बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। समापण कार्यक्रम में बीईओ सक्षम बारमाटे,नवीन हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य नीलिमा गार्गव,लिपिक रघुनाथ महाते एवं नोडल अधिकारी हेमंत विश्वकर्मा की उपस्थिति में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 200 से अधिक बच्चे साईकिल रैली में शामिल हुए।खेल शिक्षक महेश खत्री ने बताया राष्ट्रीय खेल दिवस के तीन दिवसीय आयोजन में नगर सहित गांव के स्कूलों ने भी हिस्सा लिया ।खेल प्रतिभाओं को सशक्त प्लेटफॉर्म मिला है जिससे भविष्य में मुलताई तहसील को सफलता मिलेगी। खेल शिक्षिका रश्मि बाथरे ने कहा मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय खेल स्पर्धाओं में छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।फिट इंडिया फार विकसित भारत के उद्देश्य से तीन दिवसीय खेल उत्सव मनाया गया।उन्होंने कहा रैली में सबसे कम उम्र के बालक वसु पौनीकर ने हिस्सा लेकर सभी बच्चों का उत्साह दोगुना कर दिया।तीन दिवसीय खेल उत्सव को सफल बनाने में खेल शिक्षक महेश खत्री,रश्मि बाथरे,अर्चना महाते, हेमलता सोनी,खुशबू सागरे, कल्याणी नरवरे,तुषार उदासी, शिवप्रसाद अवस्थी,अमित कुमार, विशाल भारती ने विशेष सहयोग किया।रैली समापन के बाद सभी छात्र छात्राओं को मैडल प्रदान करके सम्मानित गया। नोडल अधिकारी हेमंत विश्वकर्मा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# टिगरिया रोड पर हेरिटेज फेज-2 का हुआ भव्य शुभारंभ

## आश्रम निर्माण के लिए दान की 5000 वर्गफुट जमीन

**बैतूल जागरण।**
टिगरिया रोड शनिवार को आध्यात्मिकता और विकास का संगम देखने को मिला। शुभारंभ हेरिटेज फेज-2 का शुभारंभ महामंडलेश्वर योगी नवलगिरी महाराज (पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्रीधाम वृंदावन) के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर हेरिटेज के संप्रवर्तक अभिजर हुसैन और जीवेश पंडाग्रे ने आश्रम निर्माण के लिए 5000 वर्गफुट भूमि भेंट कर भक्ति और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

आयोजकों ने बताया कि शुभारंभ हेरिटेज में टीएसपी अप्रूव्ड और रेरा रजिस्टर्ड आवासीय प्लॉट आसान किस्तों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फेस-1 की सफलता के बाद लॉन्च हुए फेस-2 को लोगों से शानदार रिस्पॉन्स मिला है। महामंडलेश्वर योगी नवलगिरी महाराज ने इस स्थल को जाग्रत शिवभूमि बताते हुए घोषणा की कि यहां एक भव्य आश्रम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, यहां की भूमि में अलग ही ऊर्जा विद्यमान प्रतीत हो रही है हम भी सोच रहे हैं कि यहीं बस जाएं। आप सभी भी यहां निवास करें, हम आसपास के रहने वाले परिवारों का संरक्षण करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी ने माहौल को आध्यात्मिक रंग से सराबोर कर दिया। पूरे आयोजन में भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला।



## रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुलताई/ जागरण ।**
नगर में नागपुर रोड श्री जलाराम गणेश उत्स्व मंडल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 120 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में विधायक चंद्रशेखर देशमुख,भाजपा नेता रमण भाई पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,मनीष माथनकर,माधुरी साबले, जिला ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अंकिता सीते,विजय शुक्ला,हनी भार्गव,नमन अग्रवाल, सुनील बिहारे, मुकेश वागद्रे,राजू चौबे,जयदीप ठाकरे,सौरभ दुबे सहित मंडल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। शिविर में 120 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। आयोजक नमन अग्रवाल ने बताया रक्तदान महादान की थीम पर लगातार 11 वर्षो से रक्तदान शिविर का आयोजन श्री गणेश मंडल किया जा रहा है। इस वर्ष भी युवाओं, महिलाओ ने शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया।



## न्यूज कार्नर

### शाह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**जागरण, टिमरनी।** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को आदिवासी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व अजय शाह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने कहा कि अजय शाह जी ने हमेशा आदिवासी समाज और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। वे सभी कांग्रेसजनों के मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनकी कमी कांग्रेस परिवार को हमेशा खलेगी। वहीं जितेंद्र सोनकिया ने अपने संबोधन में कहा कि राजा साहब अजय शाह जी का संघर्ष, सादगी और संगठन के प्रति समर्पण हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका जीवन हमें समाज और पार्टी के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद पटेल के पूज्य पिताजी स्व लक्ष्मण पटेल को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से ऋतु सोलंकी, शेकी उपाध्याय, कपिल जाट, अजय राजगुरे, सुजेश अग्रवाल, रामशंकर अग्रवाल, दीपक जैन, शाहजाद खान, दिनेश विश्वकर्मा, शिवम कनोजिया, शिवनारायण अग्रवाल सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम अक्षारा जैन है। उसके सभी दस्तावेज में अक्षारा जैन के नाम से है। अक्षारा जैन का निक नेम तरू जैन है। जिसका बैंक ऑफ इण्डिया में तरू जैन के नाम से मेरे साथ सम्मिलित खाता है। जो कि 5 वर्ष की आयु निक नाम तरू जैन के नाम से खुलवाया गया था। अक्षारा जैन और तरू जैन जो वास्तव में दोनो ही नाम एक ही नाम से जाना जावे एवं पढ़ा जावे। अतः बैंक में दस्तावेज में नाम संशोधित किया जावे।

राजकुमार जैन ओल्ड गल्ला मंडी हरदा 461-331

### अनुज जैन जिला क्रीड़ा एवं कल्याण निरीक्षक बने

**जागरण गाडरवारा।** स्थानीय बीटीआई स्कूल में पदस्थ व्यायाम निर्देशक अनुज जैन को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर में प्रभारी जिला क्रीड़ा एवं कल्याण निरीक्षक के पद की जिम्मेदारी डीईओ संदीप नेमा ने दी है। उक्त आशय का आदेश डीईओ कार्यालय से जारी किया गया है। विदित हो कि श्री जैन को संजय कंजर के सेवानिवृत होने पर उक्त जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति पर शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है।

### श्रमिकों के पंजीयन के लिए 5 सितम्बर तक चलाया जा रहा अभियान

**जागरण नरसिंहपुर।** जिले में गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के लिए 5 सितम्बर तक अभियान चलाया जा रहा है। पंजीयन के संबंध में ई. श्रम पोर्टल की वेबसाइट पर अपने मोबाइल के माध्यम से या अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर. सीएससी पर जाकर सम्पर्क कर सकते हैं। निरूशुल्क पंजीयन के लिए आधार नंबरए आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर तथा आईएफएससी कोर्ड सहित बचत खाता क्रमांक की आवश्यकता होगी। ई. श्रम पोर्टल पर जाकर पंजीयन पर क्लिक करके उपरोक्तानुसार जानकारी तथा चाही गई अन्य व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने पर ई. श्रम कार्ड का प्रिंट प्राप्त होगाए जो आजीवन मान्य होगा। पंजीयन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के निराकरण के लिए श्रमपदाधिकारी कार्यालय में जाकर या दूरभाष नंबर 07792. 230309 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### मत्स्य बीज संवर्धन के लिए आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनांतर्गत जिले के ग्रामीण तालाबों में झींगा पालनए मत्स्य बीज संवर्धन आदि के लिए मत्स्य विभाग द्वारा आवेदन लिए जा रहे हैं। इस योजना के तहत सभी वर्ग के हितग्राहियों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। हितग्राही जिला पंचायत नरसिंहपुर के परिसर में स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में अपना आवेदन दे सकते हैं ।

---

मां की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को चंद घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार

# मां को मौत के घाट उतारा और नाक में पहनी सोने की लोंग निकालकर चला गया



**जागरणा, हरदा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के कुशल मार्ग दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी टिमरनी के मार्ग दर्शन एवं निर्देशन में थाना टिमरनी के अंतर्गत मां की हत्या करने वाले आरोपी को चंद घंटों में पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है। 30 अगस्त 25 को फरियादी रामसिह उर्फ रामू कहार निवासी ग्राम पिपलिया कला व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हम अपने माता-पिता के तीन भाई हैं। बड़े भाई का नाम राजू है, जो मेरे घर के बगल में ही रहता है। मझला भाई विजय सिंह कहार खातेगाँव में अपने परिवार के साथ रहता है। सबसे छोटा भाई मै हूं जो गाँव में ही अपनी माँ कमला बाई के साथ रहता हूँ। 30 अगस्त के सुबह 08 बजे मैं पशुओं के लिए चारा लेने खेत गया था, घर पर मेरी माँ कमलाबाई अकेली थी, जब मैं 09 बजे चारा लेकर घर वापस आया तो मैने देखा कि मेरी माँ कमलाबाई के सीने के उपर बैठकर मेरा बडा भाई राजू उसके दोनो हाथों से माँ कमलाबाई का मुंह एवं नाक दबा रहा था, फिर मुझे देखकर भाई राजू ने मेरी माँ की नाक में पहना हुआ सोने की लोंग निकालकर चला गया। मैने पास जाकर देखा तो मेरी माँ मर चुकी, जिस पर थाना टिमरनी में अपराध क्रमांक 441/25 धारा 103-1 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हत्यारे ने मुहँ दबाकर हत्या करना कबूला

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच पडताल शुरू की। मां की हत्या कर फरार राजू कहार की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीमो का गठन पर संभावित स्थानों पर भेजा गया। घटनास्थल का नक्शा मौका, साक्ष्य संकलन हेतु बारीकी से छानबीन की गई। आरोपी की पतारसी हेतु रवाना टीम द्वारा राजू कहार को तलाश कर राउंड उप किया गया। जिसके व्दारा मां कमलाबाई का मुहँ दबाकर हत्या करना कबुल किया गया। पुलिस टीम ने चंद घंटों में ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस कार्यवाई में मुख्य भूमिका एसडीओपी आकांक्षा तलया, निरी सुभाष दरश्यामकर, उनि कमलेश रघुवंशी, सउनि हेरम्ब पांडे, प्रआर सुरजू उईके, प्रआर अनुप कामले, आर धर्मेन्द्र पटवारी, आर शैलेन्द्र राजपूत, आर संजू चौहान, आर मुकेश धुर्वे की रही।

### बेटे को फोन लगाकर कहा मैंने सल्फॉस खा ली

**जागरण, हरदा।** जिले के ग्राम मंझली में शनिवार को एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अशोक गौर 52 वर्ष के रूप में हुई है, जो लोडिंग ऑटो चलाने का काम करते थे। रविवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अशोक गौर ने शनिवार दोपहर करीब तीन बजे अपने बड़े बेटे पंकज को फोन लगाकर कहा कि वह डगावां रोड पर है और उसने सल्फॉस खा ली है। जिसके बाद बेटे ने तत्काल मौके पर जाकर उन्हें उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान शाम सात बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपनी बूढ़ी मां और दो बेटों के साथ रहता था। फिलहाल उनके द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया, इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है।

## पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर पकड़े कई फरार आरोपी

**जागरण, हरदा।** जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के नेतृत्व में जिला पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में दिनांक 30-31 अगस्त की दरमियानी रात्री में कांबिंग गश्त का संचालन किया गया। कॉंबिंग गस्त के दौरान सभी थाना के प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना स्टाफ की टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान अभिनव चौकसे एवं जिले के समस्त आला अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे। तलाशी अभियान में पुलिस बल द्वारा गुण्डे बदमाशों के घरों पर दबिश दी गई। रात्री में गस्त के दौरान रास्ते में घूमने-फिरते मिले लोगों से गहन पूछताछ की गई। साथ ही जिले की सीमाओं से आने वाले वाहनो को चेक कर चालकों से पूछताछ की गई। काम्बिंग गस्त के दौरान समंस, वारंट, अवैध शराब, जुआ, आर्म्स, गुंडा बदमाश, ईनामी आरोपियों, वाहन चेकिंग आदि प्रभावी कार्यवाहियां करते हुये जिले के थानों में 24 बेमियादी वारंटी, 21 गिरफ्तारी वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 40 जमानती वारंट एवं 58 समन्सों की तामिली की गई। काम्बिंग गस्त के दौरान 25 गुंडा बदमाश, 12 निगरानी बदमाश चेक किये। एसपी चौकसे ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### महिला से 15000 रुपए कीमत का गांजा जब्त



**जागरण, हरदा।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेशानुसार थाना प्रभारी निरी रामसुमेर तिवारी व्दारा आदेश के पालन में थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ कारोबारियों की धरपकड़ हेतु टीम गठित की गई। दिनांक 30 अगस्त 2025 को मुखबीर सूचना पर सिराली पुलिस टीम व्दारा दबिश देकर भगवानपुरा-बीचपुरी रोड़ पुलिया पर एक संदिग्ध महिला को हाथ में झोला लेकर आते पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामवती पति मांगीलाल कलमे निवासी ग्राम भगवानपुरा बताया। अवैध मादक पदार्थ के संबंध में नारकोटिक्स एक्ट के प्रावधानों की प्रक्रिया का पालन करते रामवती के झोले को चेक किया गया इसमें मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। आरोपी महिला के कब्जे से कुल 01 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त किया गया, जिसकी कीमत 15000 रुपए है। महिला आरोपी रामवती पति मांगीलाल कलमे उम्र 40 साल निवासी ग्राम भगवानपुरा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला के विरूध्द धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अपराध पंजीबध्द कर अनुसंधान में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि महिला आरोपी रामवती अवैध मादक पदार्थ विक्रय की शातिर आदतन कारोबारी है। इसके विरूध्द पूर्व में भी अवैध गांजे के प्रकरण दर्ज हुए है।

## महिला मोर्चा ने राहुल और तेजस्वी का पुतला जलाया



**जागरण, हरदा।** दरभंगा की सभा में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी मां के प्रति जो अपशब्दों का प्रयोग किया गया, वह निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी द्वारा समय-समय पर प्रधानमंत्री के प्रति अनुचित टिप्पणी की जाती रही है। कांग्रेस के इस प्रकार के दुर्व्यवहार से देश की जनता में आक्रोश है। आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का स्थानीय प्रताप टॉकिज चौराहे पर पुतला दहन किया गया और मांग की गई कि इस प्रकार कांग्रेस के मंच पर जो टिप्पणी की गई है, उस पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सार्वजनिक रूप से देश की जनता एवं प्रधानमंत्री से माफी मांगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने कहा कि पूर्व में भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं को शराबी कहकर अपमानित किया गया। इस पुतला दहन के अवसर पर भाजपा महिला कार्यकर्ता अनिता राठौर, पूजा शर्मा, अनिता मौर्य, रेखा लुनिया, प्रहलाद पटेल, नितेश बादर, विजय जेवल्या, बसंत राजपूत, सौरभ तिवारी, पुरूषोत्तम झिंझोरे, ललित पटेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भक्ति व उत्साह के साथ मनाई गई राधा अष्टमी



**जागरण, टिमरनी।** नगर में रविवार को श्री राम मंदिर जवाहर चौक पर श्री राधा अष्टमी उत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। प्रातः से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग गया। पूरा वातावरण जय-जय श्री राधे और श्री गिरिराज धरण की जय के उद्घोष से गूंज उठा। सुबह 10 बजे से 56 भोग अर्पण कर श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही संगीतमय श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तगण भक्ति गीतों पर झूमते और नाचते दिखाई दिए। संकीर्तन के दौरान मंदिर प्रांगण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भव्य महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सामूहिक रूप से राधे-राधे का गुणगान किया। महाआरती के बाद कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में नगर और आसपास के ग्रामों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उत्सव में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया था और भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण राधामय बना रहा। आयोजन श्री गिरिराज परिक्रमा मित्र मंडल टिमरनी द्वारा किया गया। श्री राधा अष्टमी का पर्व भक्तों के लिए आस्था और उल्लास का विशेष अवसर है। इस दिन राधा रानी के प्राकट्य महोत्सव में सम्मिलित होना परम सौभाग्य की बात है।

---

विद्यार्थियों को विवश होकर 50 किलोमीटर दूर नरसिंहपुर कॉलेज में लेना पड़ रहा है प्रवेश

# 4 वर्षीय स्नातक आनर्स करने के बाद पीजी पोर्टल पर नहीं है गाडरवारा कालेज




**जागरण गाडरवारा।** सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है परंतु स्थानीय स्तर पर शैक्षिक संस्थानों में तकनीकी विसंगतियां होने के कारण छात्रों को इसका लाभ अर्जित नहीं हो रहा है। छात्रों ने एक ज्ञापन विगत दिनों पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं भाजपा नेता पवन पटेल को प्रेषित किया गया है। पीजी कॉलेज में अध्यनरत छात्रों का एडमिशन न होने की समस्याओं को देखते हुए भाजपा नेता पवन पटेल ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं क्षेत्रीय विधायक मंत्री उदय प्रताप सिंह को उक्त शिकायत पत्र ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया है। पत्र में उल्लेख है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति एनईपी के अंतर्गत स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में संचालित हो रही है। जिसमें गाडरवारा तहसील के अंतर्गत स्थित शासकीय पीजी कॉलेज गाडरवारा में नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी तहसील एवं रायसेन जिले की उदयपुरा तहसील के भी अनेक छात्र अध्ययनरत हैं कुछ दिव्यांग भी है। यहाँ नई शिक्षा नीति एनईपी के प्रथम बैच के बीए बीकॉम बीएससी ऑनर्स विंग के छात्र वर्तमान में अध्ययन कर रहे हैं। 4 साल के यूजी कोर्स अब इन छात्रों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ही ऑनर्स विंग से 1 वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है, लेकिन लम्बे समय से प्रतीक्षा करने के बाद भी शासकीय पीजी कॉलेज गाडरवारा का नाम उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर अभी तक उपलब्ध नहीं है। इस कारण विद्यार्थियों को विवश होकर लगभग 40 किलोमीटर दूर नरसिंहपुर कॉलेज में प्रवेश लेना पड़ रहा है जो स्थानीय छात्रों के लिए अत्यंत कष्टदायी एवं असुविधाजनक है।

छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर शासकीय पीजी कॉलेज गाडरवारा का नाम अतिशीघ्र उपलब्ध कराए। जिससे स्थानीय छात्र.छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित न होना पड़े। ज्ञापन की छाया प्रति उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आयुक्त कलेक्टर एसडीएम को भी ईमेल के माध्यम से प्रेषित की गई है।

## बहराण साहब के विसर्जन के साथ हुआ झूलेलाल चालीहा महोत्सव का समापन



**जागरण गाडरवारा ।** हिंदू सिंधी समाज के इष्ट देवता श्री झूलेलाल भगवान जी का चालीसा श्री झूलेलाल मंदिर में 18 जुलाई से प्रारंभ हुआ था प्रथम शुक्रवार श्री सिंधी पूज्य पंचायत द्वारा बराना साहब की पूजा पल्लव आरती हुआ प्रसादी का कार्यक्रम शुरू हुआ था द्वितीय शुक्रवार 25 जुलाई को बह राण साहब की पूजा व भोजन प्रसादी की सेवा तुलसीदास कलवानी परिवार को मिली थी तृतीय शुक्रवार 31 जुलाई को शोभावनी व जैसवानी परिवार को यह सेवा प्राप्त हुई थी चौथा शुक्रवार 8 अगस्त को हेमवानी परिवार को बहराण साहब की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ पांचवा शुक्रवार 15 अगस्त को पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा कार्यक्रम रखा गया छठ मां शुक्रवार 22 अगस्त को मंगलानी परिवार को सेवा का बहराण साहब की पूजा व भोजन प्रसादी का सौभाग प्राप्त हुआ सातवां अंतिम शुक्रवार 29 अगस्त को बहराण साहब की पूजा ब भोजन प्रसादी की सेवा जेठवानी परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ नागपुर के प्रसिद्ध भजन मंडली सुनील उदासी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी के भजनों पर महिलाओं एवं बच्चों एवं बुजुर्गों में जमकर डांस व डांडिया किया । बहराण साहब की पूजा व पल्लव आरती के बाद भोजन प्रसादी का कार्यक्रम चला इसके पश्चात ककरा घाट में जोत विसर्जन की गई ।

---

## जनशिक्षा केन्द्रो में शिक्षकों के शैक्षिक संवाद का आयोजन

**जागरण गाडरवारा।** विगत दिवस राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड साईखेडा एवं चीचली के समस्त जन शिक्षा केन्द्रो में कक्षा तीसरी से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए विकासखंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल ने शैक्षिक संवाद के उद्देश्यए डिजाइनए संवाद की उपयोगिता तथा प्राप्त कौशलों का कक्षा कक्ष में उपयोग पर अपने विचार रखे। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर एवं शैक्षिक संवाद प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा अकादमिक विषय पर चर्चा विद्यालय और कक्षा कक्ष से जुड़े अनुभव प्रतिभागियों को बातचीत के समान अवसर तथा संवाद के अंत में गुणवत्ता एवं फीडबैक पर चर्चा की। चीचली बीएसी अरुण दुबे द्वारा जन शिक्षा केंद्र बारहाबड़ा में आयोजित माध्यमिक शाला के शिक्षकों के संवाद अंतर्गत कक्षा प्रबंधन में किए गए प्रयासों पर चर्चा की गई। साईखेड़ा के बीआरसी संदीप स्थापकए बीएसी मनीराम मेहरा तथा पवन राजौरिया द्वारा जनशिक्षा केंद्रों में आयोजित संवाद में उपस्थिति देते हुए विषय.प्रभावी शिक्षण में हिंदी शिक्षक संदर्शिका की भूमिका के अंतर्गत धारा प्रवाह पठन एवं समझ पर अनुभव कक्षा प्रबंधन रणनीति कक्षा में आवधिक आकलन इत्यादि पर प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने कहा सभी शिक्षक संवाद में मिले नवाचारो का प्रयोग अपने स्कूलों में करें।

इसी क्रम में साईखेडा ब्लॉक के आदर्श गाडरवारा आमगांव छोटा बम्होरी कला पलोहा बड़ा उत्कृष्ट साईंखेड़ा सहित चीचली विकासखंड के अन्य सात जन शिक्षा केंद्रों करपगांव शाहपुर बारहाबड़ा सूखाखैरी तेंदूखेड़ा कठौतिया सालीचौका में सहजकर्ताओं के माध्यम से शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें सभी जन शिक्षा केंद्रों के प्राचार्य जनशिक्षको सहजकर्ताओं तथा पहली दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता दी।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई जिले के थानों की बैठक, कानून व्यवस्था और अपराधों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये



**जागरण नरसिंहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना द्वारा शनिवार 30.08.2025 को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के समस्त थानों की कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा की गयी। बैठक मंे जिले के अति पुलिस अधीक्षक एवं सभी अनुभागों के एसडीओपी उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी रक्षित निरीक्षक एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुये। उक्त बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ् ऋषिकेश मीना द्वारा थानावार अपराधों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान प्रत्येक थाने द्वारा की जा रही कार्यवाही को देखा जिन्होंनें अच्छा काम किया उनकी सराहना की गयी और जहां पर भी कमी पाई गयी उसके लिये अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीना द्वारा अपराध नियंत्रण एवं बेहतर पुलिसिंग के लिये निम्नांकित दिशा.निर्देश दिये गये । गंभीर अपराधों की सूचना मिलते ही तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तुरंत विवेचना शुरू करते हुए उसका समयवधि में निराकरण किया जावे ताकि पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। अपने.अपने थाना क्षेत्रों में संगठित अपराधों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जावे साथ ही लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जावे। विभिन्न आयोगोंए वरिष्ठ कार्यालय एवं थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शिकायत कर्ता को संतुष्ट किया जावे एवं आजमनों की शिकायतों को अनावश्यक लंबित न रखा जावे। अपृहत एवं गुम बालकध्बालिकाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता मे रखकर प्रभावी कार्यवाही की जावें। क्षेत्र में गुण्ड़ा बदमाशों एवं अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु लगातार पेट्रोलिंग नाईट गश्त सघन चैकिंग करते हुएए अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जावे। पूर्व अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की सभी जानकारी का डेटा अघतन रखते हुए उनका डोजियर तैयार करए उनकी हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। साथ ही गुंडे बदमाशों कुख्यात अपराधियों की एक गुंडा सूचीबद्ध कर उन्हें अपराध न करने के लिये पाबंद करने हेतु समय.समय पर उचित प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में पड़ने वाली दुकानों संस्थानों प्रतिष्ठानों से संपर्क कर उन्हें सीसीटीवी कैमरों का महत्व बताते हुए जनसहयोग से कैमरे लगाने हेतु प्रेरित करें। आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में शांति पूर्ण एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखते हुए सभी नागरिकगण सुरक्षित वातावरण में पूरे हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाएं इसके लिये बेहतर पुलिस व्यवस्था की जावे। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिए गए कि अच्छी कार्यवाही करते हुए अपराध पतासाजी उत्कृष्ट विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी कर समयवधि में निराकरण किया जाता है ऐसे प्रकरणों में विवेचकों के उत्साहवर्धन हेतु पुरूस्कृत जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।